हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 18 जून 2024

06 पहली बार एक्लेमसिया बीमारी का सफल...

07 जिले में ईद पर विशेष नमाज पढ़ी गई, गले मिलकर दी मुबारकबाद




## समाचार संक्षेप

### पीएम किसान उत्सव दिवस आज

**गुना।** जिले में 18 जून को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस दिन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त का वितरण किया जाएगा। सम्मान निधि की राशि किसानों के खाते में सीधे अंतरित होगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत वर्ष में किसानों को तीन समान किस्तों के माध्यम से 6 हजार रूपये की सम्मान निधि दी जाती है। इस उत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से किसानों को सम्बोधित करेंगे। जिला, ब्लॉक स्तर पर बडी.स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

### मेंटेनेंस कार्य के चलते आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा

**गुना।** प्रबंधक कैंट जोन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार म.प्र.क्षे.वि.वि.कं. लिमिटेड गुना के द्वारा 11 केवी का नानाखेडी उपकेन्द्र पर मेन्टेनेन्स कार्य हेतु 11 केवे सेंट्रल फीडर पर 18 जून को समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे दलवी कॉलोनी, न्यूसिटी कॉलोनी, नई मण्डी, एलआईसी ऑफिस, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, एवं गायत्री मंदिर क्षेत्र आदि में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी। विद्युत कटोती की समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

### विभागीय प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न



**गुना।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागीय समिति खंड गुना एवं राघौगढ़ की बैठक हनुमान सिंह राठौर के बगीचे राघौगढ़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने की। विभागीय प्रकोष्ट समिति अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार विशेष रूप मे बैठक मे उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह बैठक मप्र राज्य कर्मचारी संघ के गुना जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना की मंशानुसार आयोजित कि गई है। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों कि विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया।

### 20 जून को निर्धारित भविष्य से भेंट कार्यक्रम का होगा आयोजन

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा ''स्कूल चले हम अभियान'' अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किये गये है जिसके तहत 18, 19 एवं 20 जून को तैयार की गई विस्तृत रूपरेखा अनुसार किया आयोजित किया जाएगा। सांसद एवं विधायक शालाओं में सहभागिता करेंगे। शाला स्तर पर आयोजित₹ स्कूल चले हम अभियान₹ कार्यक्रम में शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगे। ग्राम/बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। समस्त पात्र शालाओं में विशेष भोजन का वितरण भी किया जाएगा। सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शालेय गतिविधियों पर चर्चा, जिससे प्रमुखतः कक्षावार विषयखंड, शैक्षणिक कैलेण्डर अध्ययन/अध्यापन प्रक्रिया, अभिभावक-शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी। राज्य शासन की ओर से प्राप्त संबोधित पत्र भी अभिभावकों को वितरित किया जाएगा। कक्षावार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की अभिभावकों को जानकारी दी जाएगी। निःशुल्क पाठय पुस्तकों का भी वितरण किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रभावशाली, प्रमुख एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट हो आमंत्रित किया जाएगा। शाला में विद्यार्थियों से भेंट हेतु अन्य इच्छुक व्यक्तियों के लिए शाला चयन की ऑनलाइन सुविधा लिंक के द्वारा उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति किसी एक शाला का चयन कर विद्यार्थियों से भेंट हेतु जाएंगे। स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों, किसानों, व्यवसायों, मीडिया और संचार मित्रों, सैन्य और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रचार किए जाएगे। आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान विद्यार्थियों/शाला को उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे।

### कुशवाह मोहल्ले में गहराया जलसंकट पानी के टेंकर से पानी भरते हैं लोग



**गुना।** लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 1 गुना के अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने बताया है कि वार्ड क्रमांक 22 के अयोध्या बस्ती,आकाश किराना गली,चंदेल महोल्ला, कुशवाह गली आदि अनेक क्षेत्रों में पानी का संकट गहरा गया है। वार्ड के महोल्ले वासियों के मांग पर नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा 6-7 पाने के टेंकर भेज कर पूर्ति की जा रही। कुशवाह महोल्ले में टेंकर से पानी भरते हुए महोल्ले वासी। कुशवाह महोल्ले के लोगों को रात को 2-3 बजे तक जाना पड़ता है। अभी हाल ही में नगर पालिका द्वारा एक ट्यू बेल का खनन करवा दिया है।


# मुस्लिम समाज ने उत्साह के साथ मनाया ईद का पर्व

## देश और प्रदेश की खुशहाली और अमनो-अमान के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

शहर में उत्साह के साथ ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जा रहा है। ईद की पहली व मुख्य नमाज ईदगाह पर सुबह 7.30 बजे हुई। बड़ी ईदगाह पर सुबह 9:30 बजे ईद की नमाज हुई। देश और प्रदेश की खुशहाली व अमनो-अमान के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। घर के बड़े लोग बच्चों के ईद मुबारक कहते ही उन्हें






ईदी दी। जिले में नमाज के लिए सभी जगह विशेष प्रबंध किए गए हैं। सोमवार सुबह से ही ईद की चहल पहल शुरू हो गई थी। शहर में लगभग एक दर्जन जगह ईद की नमाज अता की गई। कैंट मस्जिद, ईदगाह बाड़ी स्थित बड़ी ईदगाह, हड्डी मील में बड़े स्तर पर नमाज हुई। यहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के नागरिकों ने पहुंचकर ईद की नमाज अता की। बड़ी ईदगाह पर सुन्नी मस्जिद के इमाम ने ईद की नमाज अता करवाई और तकरीरें सुनाई।

## बीनागंज क्षेत्र में हादसा, उज्जैन से दर्शन कर लौट रहा था परिवार

# कार पलटी, पति-पत्नी और पड़ोसी की मौत, बेटा घायल





हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिले से गुजरे फोरलेन हाइवे पर सोमवार को दो कार दुर्घटनाएं घटित हुईं। एक परिवार उज्जैन से लौटते समय हादसे का शिकार हुआ जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हुआ। वहीं दूसरा परिवार उज्जैन जाते समय सड़क हादसे का शिकार हो गया जिसमें पांच लोगों को घायल होना पड़ा। दोनों ही परिवार उत्तर प्रदेश के निवासी बताए गए हैं।

उज्जैन से दर्शन कर लौट रहा उत्तर प्रदेश के ललितपुर का एक परिवार जिले के नेशनल हाईवे-46 पर बीनागंज क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं कार चला रहा युवक घायल हो गया। मृतकों में पति-पत्नी और उनका पड़ोसी शामिल है। सुबह होटल ताज के सामने हादसा हुआ जहां एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर पलट गई। इस हादसे में पति-पत्नी और उनके पड़ौसी की मौत हो गई, जबकि कार चला रहा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। सभी उम्र के ललितपुर के निवासी हैं और उज्जैन महाकाल के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक पुत्र अशर्फीलाल श्रीवास्तव उम्र 65 वर्ष निवासी गदयाना थाना तालाब पुरा घंटाघर के पास ललितपुर पत्नी विनीता श्रीवास्तव और बेटे अभिषेक उम्र 38 साल के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन करने के लिए गए थे। उनके साथ पड़ौसी मनोज पुत्र गौरीशंकर पांडे भी उज्जैन गए थे। दर्शन करने के बाद सभी कार से वापस लौट रहे थे।

सोमवार तड़के उनकी कार एन एच-46 पर चांचौड़ा बीनागंज क्षेत्र में पहुंची, तभी ताज होटल के सामने अनियंत्रित होकर खंती में उतरकर पलट गई। इस हादसे में अशोक श्रीवास्तव, उनकी पत्नी विनीता और पड़ौसी मनोज पांडे की मौत हो गई। जबकि कार चला रहे अशोक श्रीवास्तव का बेटा अभिषेक एयर बैग खुलने से घायल हुआ है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत बचाव कार्य शुरू कर मृतकों और घायल को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उधर लखनऊ का एक परिवार उन्नाव होते हुए उज्जैन जाते समय आज सुबह करीब साढ़े 5 बजे सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसा जंजाली चौकी क्षेत्र में पार्वती नदी के पास घटित हुआ।

बताया है कि कार को ओवरटेक करने के बाद बस अचानक आगे जाकर रुक गई, जिसमें कार पीछे से घुस गई। कार में पांच लोग सवार थे। जिनमें आचमन श्रीवास्तव उनके पिता प्रेमनारायण , मां विभा , बेटा अनुग्रह और भांजी सुष्मिता शामिल हैं। सभी घायलों को पहले कुंभराज अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गंगा दशहरा और जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से सामूहिक शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

रविवार को गंगा दशहरे एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल रूप से सामूहिक शपथ दिलाई गई एवं उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

नगर पालिका परिषद गुना द्वारा उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भुजरिया तालाब मन्दिर प्रांगण में किया गया। भुजरिया तालाब मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई, इसके पश्चात उज्जैन से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को आमजन के लिए दिखाया गया। मुख्यमंत्री द्वारा जल संवर्धन एवं संरक्षण की शपथ दिलाई गई जिसे उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। कार्यक्रम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य,भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, जिला कलेक्टर सत्येंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ प्रथम कौशिक, एसडीएम रवि मालवीय, तहसीलदार जीएस बैरवा, सीएमओ तेज सिंह यादव, भाजपा नेता अरविंद गुप्ता,नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, राजेश साहू, दिनेश कोरी,भाजपा के पदाधिकारी शिवपाल परमार,दिलीप सेन,आर एन यादव, सभी अधिकरी कर्मचारी उपस्थित हुए।

## ग्रामीणों पर बदमाशों ने बंदूक तानकर मांगे पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिले के फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम जौहरी में बंदूक की नोंक पर दो बदमाशों द्वारा आधा दर्जन से अधिक लोगों से मारपीट कर रंगदारी करने का मामला सामने आया है। घटना देर रात 11-12 बजे की है जब कुछ लोग जोहरी चौराहे पर खड़े थे। इस दौरान मोटर सायकिल पर बंदूक के साथ दो बदमाशों ने ग्रामीणों को बंदूक की नोंक पर शराब के लिए पैसे मांगे। उनके द्वारा ग्रामीणों के साथ बंदूक की बट से जमकर मारपीट की। इस दौरान ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह एक बदमाश को बंदूक सहित दबोच लिया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग गया। ग्रामीणों ने बदमाश को मय बंदूक सहित पुलिस के हवाले कर दिया। घटना में गांव के आधा दर्जन के लोग करीब घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार जौहरी निवासी भगवानसिंह पुत्र परसराम धाकड़ ने अपने घायल साथी मुकेश धाकड़, राकेश धाकड़, घायल संतोष धाकड़, गांव के अन्य लोग नवल धाकड़, शोभाराम धाकड़, पर्वत धाकड़ के साथ बताया कि रविवार रात 11 बजे करीब वह और राकेश धाकड़, मुकेश धाकड़, संतोष धाकड़, नवल धाकड़ व शोभाराम धाकड़ जौहरी चौराहे पर खड़े थे।

### एक दर्जन से ज्यादा लोग पथरीला एरिया में कर रहे पौधरोपण का कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

पिछले दो सप्ताह से शहर के पर्यावरण प्रेमी वृक्षारोपण महोत्सव 2024 की तैयारी कर रहे हैं ट्रांसपोर्ट नगर बालाजी मंदिर के पास सुबह 6 बजे से 8 तक प्रतिदिन श्रमदान कर रहे हैं। इंजीनियर गुलाब राज सरदार अनूप सिंह सोढ़ी सेठ रवि रतलामी राज सिंह यादव कपिल राठौर कमल कुशवाहा अजय वर्मा हरिओम मकानिया दीपक श्रीवास्तव संजू सिसोदिया लगभग एक दर्जन लोग सुबह से ही खोदे गए गड्ढों में से पत्थरों को निकालना और उसमें काली मिट्टी एवं खाद डालना एवं गढ़ों की पर बनाना आदि कार्य कर रहे हैं। इंजीनियर गुलाब राज ने कहा कि बहुत ही पथरीला एरिया है और यहां पर वृक्षारोपण बड़ी चुनौती है इसे स्वीकार किया है।

## चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा गायत्री जयंती, फादर्स-डे, गंगा दशहरा पर कवि गोष्ठी संपन्न

# 'पिता-पुत्र का नाता जग में कितना सुख दाता..आशीर्वाद व्यर्थ नहीं जाता'

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा दुबे कालोनी स्थित बिध्न हरण बालाजी मंदिर पर गायत्री जयंती, फादर्स डे तथा गंगा दशहरा के उपलक्ष में वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता, नरेंद्र भार्गव पद्म के मुख्य आतिथ्य तथा समाज सेवी निरंजन भाया कसेरा, प्रमोद अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में कवि गोष्ठी संपन्न हुई। कवि गोष्ठी का संचालन डाक्टर लक्ष्मीनारायण बुनकर ने किया। सरस्वती वंदना डाक्टर लक्ष्मीनारायण बुनकर ने सुनाई। संचालन करते हुए डाक्टर लक्ष्मीनारायण बुनकर ने कहा पिता जनक संतान का, जननी माता जान। तृप्त न होती प्रेम से जो उसकी संतान।शुभ लक्षण है पिता के घर का जिम्मेदार भरा और पूरा रखे वह अपना परिवार। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने कहा पिता पुत्र का नाता जग में कितना सुख दाता, आशीर्वाद पिता का व्यर्थ नहीं जाता। उमाशंकर भार्गव ने गायत्री जयंती पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा जिसके सुमिरन करने से होता आलस,पाप,अविध्या कानाश,निर्मल और निष्कपट हृदय में आप करती हो वास। शहर के वरिष्ठ कवि वीरेंद्र मुक्त सोनी ज़िन्दगी के संबंध में अपने भावों को यूं व्यक्त किया ज़िन्दगी ऐसे जियो कि मिसाल हो जाये संकट में अंधकार में मशाल हो जाये। कीर्ति मोरोलिया ने अपने भाव मांता पिता के संबंध में रखते हुए कहा कि मां जग की जननी है तो पिता है पालनहार,मां त्याग की मूर्ति है तो पिता है सारा संसार। साक्षी ओझा ने कहा उंगली थाम कर चलना सिखाया जब भी मैं गिरी ठोकर से हिम्मत से फिर उठना सिखाया।




नरेंद्र भार्गव पद्म ने कहा मां तो जननी है धरा सी पिता विशाल आसमान है, माता पिता दोनों वंदनीय है ये धरा के भगवान है। संतोष ब्रह्मभट्ट ने कहा वक्त बदलते देखा है सब कुछ उजड़ते देखा है पिता के जाने के बाद मां को पल पल मरते देखा है। हरीश सोनी ने कहा कि है अपनी पहचान पिता से है अपना सम्मान पिता से वे ही तो घर की रौनक है सारथी घर की शान पिता से।शायर सलाउद्दीन शिकवा ने कहा ऐसा सनम कदा कोई चलकर दिखाइए, जो मुंह से बोलता है वह पत्थर दिखाइए सूबेदार धर्मवीर सिंह भारतीय ने कहा देवों के भी देव हैं कृष्ण देव, उनके पिता थे श्री वासुदेव। प्रेम सिंह प्रेम ने कहा पिता हमारे दिल के अंतश का प्यार है पिता हमारे सपनों का जीवित संसार है दुनिया भर के सुख दुःख के बीच पिता हमारे जीवन का संपूर्ण आधार है। राजाराम ने कहा कि पानी की हर बूंद अनमोल है इसे न व्यर्थ गंवाइये। माया ओझा ने कहा गंगा मैया सबका करती है उद्धार, नहीं करती वह धर्मी अधर्मी का विचार।

## प्रसूता ने 1.8 किलोग्राम की बच्ची को जन्म दिया, दोनों की बच गई जान

# पहली बार एक्लेमसिया बीमारी का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सिविल सर्जन गुना ने बताया कि जिला चिकित्सालय में 13 जून 2024 को शाम 7.30 बजे मेटरनिटी वार्ड में मरीज सोनम पति हेमंत केवर निवासी बरसाल राघोगढ़ को परिजनों द्वारा अचेत अवस्था में, झटकों की बीमारी (एक्लेमसिया) के कारण भर्ती हुई जो कि 7.5 माह की गर्भवती थी। बेहोशी की हालत में हुई उल्टियों एवं झटकों के कारण महिला एक्सीपेरेट भी कर गई थी जिसके कारण उसका ऑक्सीजन मात्र 60-62% ही रह गया था। महिला को तत्काल डॉ. अनमोल वाधवानी ने देखा एवं डॉ. महेन्द्र किरार ने तुरंत सांस की नली डाल दी एवं तुरंत महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. आभा शर्मा को सूचित किया गया एवं डॉ. द्वारा मेरीक प्रसूता की स्थिती को देखते हुये तुरंत ऑपरेशन करने की सलाह दी गई जिससे कि प्रसूता एवं बच्चे की जान को बचाया जा सके। आमतौर पर ऐसी स्थिती में माँ या बच्चा दोनों में से किसी भी एक को बचाना बहुत ही मुश्किल होता है, परिस्थिती को तुरंत भांपते हुये सिविल सर्जन एवं मुख्य चिकित्सा एवं



स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीम गठित की गई एवं सभी प्रकार के सहयोग भरोसा दिलाया।मरीज के परिजनो को हरसंभव खतरे को बताकर एवं उनकी पूर्ण सहमति के बाद तुरंत प्रसूता को अंबु बस सपोर्ट पर ओटी में शिफ्ट किया गया । ऑपरेशन मेडिसिन चिकित्सक डॉ. राहुल रघुवंशी, एनेस्थिटिस्ट डॉ. विकास राजपूत, डॉ. रुचि राणा की निगरानी में डॉ. आभा शर्मा द्वारा किया गया जिसके दौरान प्रसूता ने 1.8 किलोग्राम की बच्ची को जन्म दिया। एवं प्रसूता एवं बच्ची की जान बच सकी । बच्ची को एनआईसीयू में शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गुप्ता की निगरानी में रखा गया है। ऑपरेशन के बाद कुछ समय के लिये महिला वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया ।इस टीम में उपरोक्त डॉक्टर के अलावा ओटी स्टाफ दिव्या, पूजा लेबर रूम स्टाफ बबीता, रीना, ज्योतिदेवी, सपना, गायत्री, ममता, वार्ड बॉय मोहर बाई, नईम, प्रदीप का सराहनीय योगदान रहा । इस प्रकार का इमरजेंसी ऑपरेशन जिला चिकित्सालय गुना में पहली बार हुआ है, सफल ऑपरेशन के लिए सिविल सर्जन डॉ, आर.एस. भाटी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने उक्त टीम को बधाई दी ।

# नवनिर्वाचित सांसद नागर का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा/कुंभराज

सोमवार को राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रोडमल नागर के विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा में जन आभार कार्यक्रम के अंतर्गत आगमन पर क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पैंची ने वरिष्ठ एवम युवा कार्यकर्ताओं सहित स्वागत किया। जिसमे सर्वप्रथम प्रियंका पैंची ने विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर पहुंच अपने कार्यकर्ताओ के साथ सांसद जी का स्वागत किया ।

तदोपरांत जलसा गार्डन बीनागांव, ग्राम वटावदा, मृगवास, सानई, नगर कुंभराज , नगर चाचौड़ा-बीनागंज सहित प्रेम श्री गार्डन बीनागंज स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद रोडमल नागर ने इस भारी बहुमतों की विशाल जीत के लिए जनता सहित कार्यकर्ताओ की मेहनत और लगन को इस जीत का श्रेय दिया। क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पैंची ने अपने वक्तव्य में क्षेत्रीय जनता का बहुत बहुत आभार मान कर धन्यवाद दिया । उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा की अब क्षेत्र के विधायक भी आप सभी है, सांसद भी आप सभी है, प्रदेश में सरकार भी आप सभी की है और अब तो केंद्र में भी आप ही के द्वारा चुनी गई सरकार है। तो अब तो विकास की गति क्षेत्र में बढ़ती नजर आएगी। और सभी को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा की जल्द ही क्षेत्र की पानी की गंभीर समस्या, सहित अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए वह विधानसभा में प्रश्न उठाएंगी जिससे क्षेत्र की समस्याओं को शीघ्र अति शीघ्र निराकृत किया जा सके। जन आभार कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पैंची सहित जिलामंत्री एवम विधायक प्रतिनिधि कुसुम कुशवाह, मृगवास मण्डल अध्यक्ष अरविंद माहेश्वरी, चाचौड़ा मण्डल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप राजपूत, विधायक प्रतिनिधि मनीष शिवहरे, विधायक प्रतिनिधि अनिरुद्ध भैया पैंची, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शारदा देवी साहू, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चाचौड़ा श्रीकृष्ण सोनी, जय प्रकाश शर्मा, श्रीमति आशा बाधवानी, मीना सेवा समाज संगठन अध्यक्ष जगदीश सिंह मीना, सोनू मीना, पर्वत मीना, ब्रज मीना, कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ हरज्ञान सिंह गुर्जर, बाबूलाल सेन, ब्रजमोहन मैथिल, युवा मोर्चा अध्यक्ष मृगवास राजाराम गुर्जर आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**विधायक प्रियंका पैंची ने विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर पहुंच अपने कार्यकर्ताओं के साथ सांसद का स्वागत किया**

# हाट रोड रपटा, आसमानी माता मंदिर के पास के नाले की कराई गई सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गुना द्वारा शहर की विभिन्न जल संरचनाओं के साथ शहर के प्रमुख नाले नालियों की सफाई कराई जा रही है। इसके अंतर्ग हाट रोड रपटा, आसमानी माता मंदिर के पास गुनिया नदी की सफाई कराई गई। जिसमें पुल, पुलियों के पास मुहानों के कचरे का निस्तारण कर पानी के बहाव का अवरोध हटाया गया तथा जल निकासी हेतु रास्ते बनाए गए। इसके अतिरिक्त बॉसखेडी से बडे पुल की ओर जाने वाले नदी की जेसीबी व पोकलेन मशीन से सफाई कराई जा रही है। सीएमओ तेज सिंह यादव ने बताया कि वर्षा पूर्व शहर के सभी प्रमुख नालों की सफाई कराई जा रही है। जिससे वर्षा काल में पानी निकासी सुनिश्चित हो सके तथा बाढ़ जैसे हालात न बनें। उन्होंने नागरिकों से नाले नालियों में कचरा न डालने की अपील की है, साथ ही अनुरोध किया है कि विभिन्न वार्डों में तथा शहर के प्रमुख मार्गों पर चलने वाली छोटी कचरा गाडिय़ों में ही कचरा डालें। जिससे नालों में जल का बहाव बाधित नहीं होगा, और जल सतत रूप से बहता रहेगा। जिससे गंदगी की संभावना कम होगी।

# मुस्लिम समुदाय ने ईदगाह में ईद की नमाज की अदा, मांग दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नगर में मुस्लिम सामुदायिक द्वारा ईद उल अजहां का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। जुलूस जमा मस्जिद से शुरू हुआ हाजी अख्तर छिपा साहब घोड़े पर सवार आलम के साथ ईद जुलूस की शुरुआत हुई जो प्रमुख राघोगढ़ के प्रमुख मार्ग से होते हुए ईदगाह पर पहुंचा वहां पर ईद की नमाज अदा की गई ।

ख्वाजा मस्जिद के पेश इमाम साबिर साहब द्वारा द्वारा बताए गए ईद की नमाज सुबह-सुबह 9:00 बजे अदा की गई। इससे पहले जामा मस्जिद से ईद का जुलूस सुबह 8:00 बजे शुरू हुआ।

ईदगाह पर पहुंचा ख्वाजा मस्जिद मस्जिद के पैस इमाम द्वारा ईद की नमाज अदा करवाई गई फेस इमाम के द्वारा खुदवा पढ़ा गया इसके इसके बाद दुआ शुरू हुई दुआ में



अमन चैन की दुआएं मांगी गई तो बारिश की रहमत बरसे और दुआ मांगी गई गई इसके बाद अंजुमन सदर ताहिर खान ने स्थानीय प्रशासन की अच्छी व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद दिया इसके बाद सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी इसके बाद सभी लोग गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए नजर आए इसके बाद सभी मुस्लिम समुदायके लोग बुजुर्गों के कब्रिस्तान पर जाकर उनके कब्रिस्तान पर जाकर दुआ मांगते नजर आए इसके बाद अपने घर पर जाकर कुर्बानी का सिलसिला चला रहा

# अशोक नगर नई गल्ला मंडी में फड़ों के निर्माण की शुरुआत, अगले वर्ष तक शुरू होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर अभी जो पुरानी गल्ला मंडी थी यहां किसानों का माल जितनी बड़ी मात्रा में आता है उसकी तुलना में मंडी की जगह कम पड़ने लगी थी। शासन से नई मंडी की मांग की गई थी। 5 साल से अधिक समय से नई मंडी बनकर तैयार हो गई थी लेकिन व्यापारी शहर के बीच में मंडी को छोड़ने तैयार नहीं थे क्योंकि वहां कई समस्याएं थी।



धीरे-धीरे पुरानी मंडी में समस्याएं बड़ी और नई मंडी में व्यापारियों की सुनवाई की गई इसके बाद मंडी में अपने फडो का व्यापारियो ने निर्माण शुरू कर दिया है इसके बाद से संभावनाएं बनी है कि नई गल्ला मंडी में जल्दी नई मंडी शुरू होने की संभावना है। अभी गल्ला मंडी शहर में दो भागों में बटी हुई है एक पुरानी गल्ला मंडी में एक नई गल्ला मंडी में। आधे किसान पहले नई मंडी में नीलामी कराने जाते हैं बाद में पुरानी मंडी में तौल कराने आते हैं एक मंडी से दूसरी मंडी के बीच में किसान घूम रहे हैं। प्रशासन बार-बार कहता रहा है कि नई मंडी को चालू किया जाए लेकिन नई मंडी में समस्याएं भी बहुत थी। व्यापारियों की सुनवाई नहीं हो रही थी। वर्तमान कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी और सीईओ जिला पंचायत डॉक्टर नेहा जैन द्वारा लगातार व्यापारियों को भरोसे में लिया गया जो समस्याएं थी उनको दूर किया गया।

पूर्व में जो मंडी में सचिव थे उनके द्वारा प्लाटो की नीलामी में अपने-अपने चहेतों को भूखंड प्रदान कर दिए गए थे जो व्यापारी नियमित रूप से कारोबार नहीं करते उन्होंने भी इन भूखंडों को प्राप्त कर लिया है जो जरूरतमंद व्यापारी है उन्हें भूखंड नहीं मिल पा रहे हैं जो नया व्यापार करना चाहते हैं। उन्हे भूखंडों की जरूरत है भूखंडों में भी खूब व्यापार हो रहा है जिन लोगों ने ले लिए वह अपने भूखंड अधिक दामों में दूसरों को बेच देते हैं यह पुरानी मंडी में भी हुआ है और नई मंडी में भी होगा। लेकिन नई गल्ला मंडी शुरू होने से अशोकनगर शहर के विकास की एक नई गति मिलेगी।सोमवार को ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा अपने फढ क्रमांक 90 91 92 पर निर्माण कार्य पूरा किया जाकर शुरुआत की गई। एक अच्छी पहल है यह एक व्यापारियों की संस्था है अगर व्यापारियों का मुखिया फडो पर निर्माण कराएगा तो अन्य व्यापारी भी जागरूक होते हैं और धीरे-धीरे मंडी बनना शुरू हो जाती है। अब नई मंडी अगले वर्ष से पूरी तरह लगने लगेगी यह संभावना है नजर आ रही है ऐसी स्थिति में पुरानी गल्ला मंडी में कुछ और नई आवक लिए जाने की जरूरत है दोनों मंडियां यथावत चलती रहे जिस किसान को जिस मंडी में अपना माल लेकर जाना है उसे मंडी में वही माल लेकर जाए नीलामी हो

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लंबरदार मोहल्ला निवासी नितिन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बब्बी संधु शिवम राणा और सतीश ने फरियादी की दुकान पर आकर पुरानी रंजिश पर से दुकान मे तोडफोड की उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कजराई निवासी कौशल्या बाई सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुरादपुर निवासी एक 18 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्लू निवासी मुरादपुर ने उससे मारपीट की और छेडछाड की तथा जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलौना निवासी वीरसिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ब्रजभान यादव रामकुमार यादव जोगिन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरनी निवासी राजेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुलशन लोधी सोनम लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# जनपद स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत तूमैन में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन जनपद अशोकनगर अन्तर्गत समस्त 104 ग्राम पंचायतों में किया गया। जनपद स्तरीय विशेष कार्यक्रम ग्राम पंचायत तूमैन में जनपद पंचायत अशोकनगर अध्यक्ष नारानीवाई के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव में कलश यात्रा निकालकर किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के उपस्थित ग्रामीणजनों ने त्रिवेणी घाट पर भजन एवं कीर्तन किया एवं त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती ढोल मंजीरो से की गई एवं उपस्थित सभी जन समुदाय द्वारा जल गंगा संवर्धन का संकल्प लिया गया।



यह उल्लेखनीय है कि यह त्रिवेणीघाट ग्राम पंचायत तूमैन से होकर गुजरने वाली नदी के किनारे वना है एवं घाट के समीप एक प्राचीन मठ वना हुआ है जहां पर संत श्री 1008 नीलपुरी जी महाराज की समाधि स्थित है। इस घाट पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु आकर स्नान करते है एवं घाट पर आस्था रखते हुए मन्नत मांगते है त्रिवेणी घाट पर प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति के अवसर पर मेला का आयोजन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है। समस्त ग्रामीण जनों ने जनभागीदारी से 06 जून 2024 से 15 जून 2024 तक जनसयोग एवं श्रमदान कर नदी की साफ-सफाई एवं घाटों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार किया गया। कार्यक्रम में ऐसे ग्रामीण जनों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। जिन्होने नदी की साफ-सफाई एवं घाटों की मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य में विषेश सहवागिता की थी

# कलशयात्रा निकाली भजन संध्या भी हुई




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत थूबोन,जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बहादुरपुर तथा जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत ईदोर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान कलशयात्रा,भजन संध्या सहित कार्यक्रम किये गये। जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव शामिल हुए। साथ ही वृक्षारोपण किया गया। जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत ईदोर में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी शामिल है।

## कचरे की छंटनी कर इसे जबलपुर नष्ट करने के लिए भेजा जा रहा

# जल्द बाहर नहीं भेजने से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लगा जाता कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर में पहले ट्रेंचिंग ग्राउंड शांतिनाथ मंदिर मार्ग के सामने था कहते हैं कि कचरे के दिन भी बदलते हैं और ऐसा ही हुआ यहां कचरा डलता था अब वहां के दिन बदल गए हैं। वहा हाउसिंग बोर्ड की कालोनी है। जिस जगह कचरा अब डल रहा है वह टेंचिग ग्राउंड के दिन भी बदलने वाले हैं क्योंकि वहां का स्थान बदलकर नए स्थान की तलाश की जा रही है।

नगर पालिका रावसर गांव के पास ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए नया स्थान तलाश चुकी है जहां शहर भर का कचरा भेजा जाएगा वर्तमान में जो टेंचिग ग्राउंड है वहां अभी हालत यह है कि आने वाले कचरे के कारण लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है आने वाले लोग तो परेशान होते ही जिस जगह नई गल्ला मंडी है उसी से यह लगा स्थान है वहां भी लोग परेशान होंगे और नई सब्जी मंडी वाले भी परेशान होंगे। ऐसी स्थिति में कचरे को निपटान करने के लिए नगर पालिका सूखा



कचरा गीला कचरा अलग-अलग कर रही है। इसके लिए नगर पालिका द्वारा कचरे की छंटनी करने के बाद जो प्लास्टिक बच जाता है उसे नष्ट करने के लिए जबलपुर भेज रही है अभी भी लगभग 40 डंपर माल टेंचिग ग्राउंड पर कचरे के रूप में पड़ा है।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि इसको जल्दी ही यहां से भेजा जाएगा अभी समय लग रहा है उन्होंने कहा कि कचरा शहर से प्रतिदिन जितना निकलता है उतनी सफाई छटाई नहीं हो पाती है जिसके कारण यह कचरा इकट्ठा हो जाता है इसके लिए हमने कर्मचारी लगाए वह काम कर रहे है। जिस स्थान पर यह टेंचिग ग्राउंड है उसको हम आने वाले समय में पूरा समतल कर देंगेवहां कोई खाई आपको नजर नहीं आएगी। पूरा मैदान एक जैसा होगा और नए रावसर पर ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए 15 बीघा भूमि की मांग की गई है। टेंचिग ग्राउंड के लिए बड़ी जगह की जरूरत है ताकि कचरा आसानी से बाहर डाला जा सके उन्होंने कहा कि जल्दी नगर पालिका सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि लोग मानते नहीं है लेकिन अब सख्ती से इस पर अमल किया जाएगा। यह आम आदमी के लिए तो परेशानी का कारण है ही यह नगर पालिका की नालियों को भी जाम कर रही है और इससे मवेशियों को ही लोगों के द्वारा प्लास्टिक की थैली में खाने पीने की सामग्री डाली जाने से उनकी जान को भी जोखिम में डाल रही है। इसलिए इस प्लास्टिक को जल्दी ही बंद करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मनचले ने बाइक से कट मारा, युवती घायल

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय वेदांत भवन के पास निवासरत मुस्कान पुत्री संजय नामदेव को घायल अवस्था में उपचार जिला अस्पताल लाया गया है। जहा घायल युवती ने बताया कि वह अपनी सहेलियों के साथ पछार पार्क मे आयोजित एक कार्यक्रम मे सम्मलित होकर वापिस अपने घर आ रही थी तभी एक बाइक पर तीन युवक सवार थे और वह तेज रफ्तार बाइक हमारे पास से गुजरी उन्होंने कट मारा और बाइक मुझसे टकरा गई। जिससे मेरे पैर में चोट आई है और पैर की एड़ी कट गई।

### बाइक फिसलने से पति पत्नी और दो बच्चे घायल

**अशोकनगर।** पड़ोसी जिला शिवपुरी के मायापुर थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा आलम निवासी सतीश पुत्र शिवराम लोधी उसकी पत्नी भावना लोधी पुत्र भास्कर 3 साल और पुत्री साक्षी 4 माह उस समय घायल हो गए जब यह परिवार ग्राम मउअन से एक भंण्डारे के कार्यक्रम मे सम्मलित होकर अपने घर वापिस जा रहे थे। घायल के बडे भाई ने बताया कि सतीश शराब पीकर बाइक चला रहा था और वाहन फिसलकर सडक के किनारे गिर गया। जिससे सभी को चोटे आई हैं। गनीमत रही कि जिस सडक मार्ग पर यह घटना हुई है। वहा से वाहन काफी गुजरते है। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुच गए और सभी को उपचार के लिए ईसागढ स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया और वहा से अशोकनगर रैफर किया गया।

### बाइक ने नाबालिग को टक्कर मारी, घायल

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम पिपरिया निवासी शिवानी पुत्री खिलन साहू उम्र 11 वर्ष को गंभीर घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा घायल किशोरी के परिवारजनो ने बताया कि किशोरी गाव की सडक से होते हुए अपने घर पर आ रही थी। तभी एक अज्ञात बाइक चालक उसमे टक्कर देकर भाग गया। किशोरी को शरीर मे कई जगह चोटे आई है। घायल का उपचार जिला अस्पताल मे किया जा रहा है।

### युवक का शव ट्रेन की पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत मयंक पुत्र महेन्द्र रावत निवासी राजनगर जिला छतरपुर रेल कर्मचारी रेलवे स्टेशन रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पोल क्रमांक 1048/13 से 1048/11 के बीच एक युवक रेल पटरियो पर मृत मिला है। घटना रविवार की रात 8 बजे की है। जिसकी पहचान बागराज आदिवासी उम्र 35 निवासी मंगली थाना पिछौर के रूप मे की गई है। बताया गया है कि वह अपने साथियो के साथ मजदूरी करने आए थे। बस से अशोकनगर आने के बाद बागराज बाजार मे जाने की कहने लगा। वाकी लोग रेलवे स्टेशन पर चले गए। बडे ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे टेक पर उसका शव मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त आज

**अशोकनगर।** देश के प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त का हस्तांतरण मंगलवार को वाराणसी उत्तरप्रदेश राज्य से किया जाएग । 17 वीं किस्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाना है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल राशि रुपये 6000 तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

### गल्ला बेचने आए युवकों ने 40 हजार चुराए


**अशोकनगर।** स्थानीय शांतिनाथ मंदिर मार्ग निवासी फुटकर गल्ला व्यापारी सुनील जैन के यहां सोमवार की दोपहर मे दो आरोपी चोरी करने की नियत से माल बेचने आए इस दौरान जब वह गेहूं बेचने का नाटक कर रहे थे। उसी दौरान दुकानदार के पैंट की जेब मे रखे 40 हजार रूपए चुरा लिए। जैसे ही व्यापारी को चोरी का पता लगा तब आरोपियो की तलाश की गई। जिसमे एक आरोपी को पकड लिया है। जिसका नाम सोनू लोधी है। जबकि दीपक फरार हो गया है। यह दोनो आरोपी बाइक से आए थे। इस आशय का एक लिखित आवेदन व्यापारी के द्वारा लिखित मे दिया है।

## मुस्लिम समुदाय ने अल्लाह से रहमत की बारिश की दुआ मांगी

# जिले में ईद पर विशेष नमाज पढ़ी गई, गले मिलकर दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





ईद उल जुहा के मौके पर शहर मे मुस्लिम समाज ने ईदगाह हिल्स पहुचकर विशेष नमाज अदा की। इस मौके पर बडी संख्या मे मुस्लिम समाज के लोगो ने भाग लिया। इस मौके पर स्थानीय इमाम बाडे से एक चल समारोह निकाला गया। जो शहर के विभिन्न मार्गो से निकला इस समारोह जामा मस्जिद के पेश इमाम भी शामिल थे। इस दौरान अनेक गरीब लोग पूरे रास्ते पर चादर बिछाकर बैठे हुए नजर आए। इस दौरान पेश इमाम द्वारा ईद उल जुहा पर विशेष नमाज अदा कराई गई। इस दौरान देश मे अमन और शांति की दुआ की गई। इस दौरान लोगो के सिर खुदा की इबादत के दौरान झुकते हुए नजर आए। जैसे ही विशेष नमाज पूरी हुई लोगो ने एक दूसरे को शुभकामनाए दी । इस दौरान जिले का प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### पिपरई मे भी विशेष नमाज का आयोजन हुआ।

पिपरई नगर में ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्ष ओर उल्लास के साथ मनाया गया।नमाज के बाद जनप्रतिनिधियों ओर पार्षद सहित सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके पहले चैधरी साहब की हवेली पर सभी मुस्लिम भाइयों ने जुलूस की शक्ल में नारा ए तकबीर के साथ ईदगाह पहुंचे। ईदगाह पर ईद-उल-अजहा की नमाज से पहले मुफ्ती मोहम्मद आमिर ने लोगों को समझाइश दी। इसके बाद ईद की नमाज अदा कराई ओर ओर दुआ कराई गई। जिसमें सभी ने अल्लाह से रहमत की बारिश की दुआ मांगी अल्लाह से देश दुनिया मे अम्न चेन की वायर चला दे। देश दुनिया मे अमनो अमन चैन शांति कायम कर दे। हम सभी को मिलजुलकर सभी को एक दूसरे की खुशियों में शरीक करने वाला बना दे। इसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।और ईद गाह पर जनप्रति निधि ओर पार्षद भी पहुंचे और ईद की बधाई दी।

### चंदेरी मे भी ईद उल अजहा पर विशेष नमाज का आयोजन हुआ

हक और सच्चाई की राह में अपना सब कुछ कुर्बान करने की सीख देने वाली ईद-उल-अज़हा न सिर्फ़ हज़रत इब्राहीम व हज़रत इस्माईल (अ.स.) की अज़ीम क़ुरबानी की यादगार है बल्कि मुसलमानों को जज़्बा-ए-क़ुरबानी अपने अंदर पैदा करने का सबक़ भी देती है..!! कल ईद उल अजहा का त्योहार शहर में बड़े प्यार से मनाई गई। नगर की मस्जिदों में सुबह से ही अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में सबसे बाद मु हुई सुबह साढ़े आठ बजे शाही पेश इमाम हाफिज शेख़ अब्दुल रशीद साहब ने अदा करवाई। मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई। कई नमाजियों एक साथ जामा मस्जिद में और अन्य मस्जिद ईदगाह,दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत,बाकरखानी,कुमकुम मस्जिद आदि डेढ़ दर्जन मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान प्रशासन ने सभी मस्जिदों के बाहर चाक-चैबंद व्यवस्था की गई।

## ओंडेर पुलिया पर फिर से दुर्घटनाग्रस्त हुई कार

**एक दर्जन सवारियां घायल, लगातार दुर्घटनाओं के बाद भी नहीं चेता विभाग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए के बंगला चैराहा से मेहलुआ चैराहा तक के हिस्से पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। 12-13 जून की मध्यरात्रि यहां ओंडेर के निकट एक पुलिया पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसमें चालक गंभीर घायल हुआ था। अब 16-17 जून की मध्यरात्रि फिर से एक कार इसी पुलिया पर दुर्घटनाग्रस्त हुई है, जिसमें सवार एक दर्जन सवारियां चोटिल हो गईं थीं। इनमें से गंभीर घायल 3 व्यक्तियों को विदिषा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि विदिषा निवासी यह परिवार अषोकनगर से रात के समय लौट रहा था। रात के समय में निर्माणाधीन पुलिया पर कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगा होने से अंधेरे में चालक को कुछ दिखाई नहीं दिया और कार पुलिया से जा टकराई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ किंतु 4 दिन के अंतराल में एक बार फिर उसी स्थान पर एक ही तरह की दुर्घटना होने के बाद भी विभाग चेता नहीं है।

### पेटी पद्धति की भेंट चढ़ा हाईवे निर्माण

बताया गया है कि 262 करोड़ की लागत से बन रहे इस नेषनल हाईवे को बनाने का ठेका गाजियाबाद की कंपनी आरजी बिल्डवेल ने लिया था। कंपनी ने इस ठेके को जेडवर्क कंपनी को पेटी ठेका पर दिया। जेडवर्क कंपनी भी यहां काम करने में नाकाम रही और उक्त कंपनी ने हरियाणा की किरणदीप कंट्रक्षन कंपनी को निर्माण कार्य का पेटी ठेका दे दिया। इस कंपनी ने तेज गति से निर्माण कार्य प्रारंभ किया किंतु स्थानीय राजनैतिक दखल के कारण कंपनी निर्माण करने में असफल रही और इसके अधिकारी भाग निकले। अब यह निर्माण कार्य एकदम से ठप्प पड़ा हुआ है।

### शिकायत सुनने के लिए नहीं कोई जिम्मेदार

ओंडेर निवासी ओमप्रकाश त्यागी ने बताया कि उनका खेत ओंडेर में हाईवे की निर्माणाधीन पुलिया के नजदीक है। प्रतिदिन इस पुलिया पर छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार षिकायत करने का प्रयास किया किंतु स्थानीय स्तर पर तहसीलदार, एसडीएम हाईवे निर्माण से संबंधित समस्या का निराकरण नहीं कर पा रहे हैं और एनएचएआई का जिला स्तर पर कोई कार्यालय नहीं है। जिसके कारण निर्माण कंपनी और निर्माण एजेंसी बगैर किसी रोकटोक के मनमानी करने में लगी हुई है। जिसका खामियाजा राहगीरों व ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

81 किलोमीटर की इस सड़क को कई हिस्सों में बनाया जा रहा है। बंगला चैराहा से मेहलुआ चौराहा तक का हिस्से का निर्माण कार्य रुका हुआ है। किसी पुलिया पर दुर्घटनाएं हो रही हैं तो हम कल ही उन पर सांकेतिक बोर्ड लगा कर रैम्प बनवाते हैं।

**इंद्र सिंह जादौन,** कार्यपालन यंत्री एनएचएआई, ग्वालियर

### 1 जुलाई से कई ट्रेनो के बदलेंगे नंबर

अशोकनगर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार सभी यात्री ट्रेनें जो मेमू नंबर के साथ चल रही हैं, उन्हें पुनः नियमित ट्रेन नंबर (जैसा कि पूर्व-कोविड अवधि में चल रही थी) के साथ चलाया जाएगा। यह परिवर्तन 01.07.2024 से प्रभावी होगा। नई और पुरानी ट्रेन नंबरों का विवरण निम्नलिखित है गाड़ी संख्या 06607 बीना-गुना पैसेंजर स्पेशल मेमू अब नियमित गाड़ी संख्या 61611 से संचालित होगी।गाड़ी संख्या 06608 गुना-बीना पैसेंजर स्पेशल मेमू अब नियमित गाड़ी संख्या 61612 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 06633 कोटा-बीना पैसेंजर स्पेशल मेमू अब नियमित गाड़ी संख्या 61633 से संचालित होगी।गाड़ी संख्या 06634 बीना-कोटा पैसेंजर स्पेशल मेमू अब नियमित गाड़ी संख्या 61634 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 01883 बीना-ग्वालियर पैसेंजर स्पेशल अब नियमित गाड़ी संख्या 51883 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 01884 ग्वालियर-बीना पैसेंजर स्पेशल अब नियमित गाड़ी संख्या 51884 से संचालित होगी। इस परिवर्तन का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों की पहचान को सरल बनाना है। सभी यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा से पहले नई ट्रेन नंबर की जानकारी प्राप्त कर लें। इस नई व्यवस्था से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए यात्री रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पुलिस वाहन ने 3 को टक्कर मारी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



स्थानीय पठार मोहल्ला मे चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास एक पुलिस वाहन ने तीन लोगो को टक्कर मार दी। जिससे एक बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई शेष दो लोगो को चोटे आई है।

घटना सोमवार की सुबह की है। इस घटना मे मृतक अशोक राठौर उम्र 50 साल सब्जी लेने के लिए अपने घर से निकले थे और सब्जी लेने तभी चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास अजाक थाने के पुलिस वाहन ने गाडी तेज रफतार मे चलाते हुए उन्हे टक्कर मार दी। इस घटना मे उन्हे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहा उनकी मौत हो गई। इस घटना मे छात्रावास के पास निवासरत लालू अहिरवार उम्र 52 साल जितेन्द्र कुशवाह उम्र 40 साल को भी चोटे आई है। जिस जगह यह घटना हुई उस जगह 8 से 10 लोग बैठे हुए थे जैसे ही यह घटना हुई वह वहा से दूर भागे। घटना के दौरान अशोकनगर के एसडीओपी विवेक शर्मा और कोतवाली के थाना प्रभारी मौके पर पहुच गए थे।

## शहर में नई सब्जी मंडी थोक दुकानदारों के लिए हो रही तैयार, आढ़तिया होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर शहर में व्यापार बहुत है लेकिन सब्जियों का व्यापार भी कोई छोटा-मोटा व्यापार नहीं है कोई समझे या न समझे लेकिन जो कर रहे हैं वह अच्छी तरह जानते हैं कि सब्जी के व्यापार में कितना मुनाफा है और कितनी बचत पर डे होती है। यह वही जानते हैं। जो थोक से लेकर फुटकर मंडी में काम कर रहे है।

यहां सब्जी रोज आती है नगर पालिका ने एक बड़ा काम शहर में किया है कि सब्जी के थोक दुकानदार जो आढत का भी काम करते हैं उन्हें एक नई सब्जी मंडी सोपी जा रही है जिससे 69 दुकानदार लाभान्वित होंगे। अभी यह बताना जरूरी है कि अशोकनगर शहर में इस तरह की आढ़तियो.के लिए कोई मंडी नहीं थी यह थोक मंडी कहीं भी लगती रही। कहीं इंदिरा पार्क पर तो कहीं स्टेडियम के पास तो कहीं नई गल्ला मंडी में। बार-बार इन दुकानदारों को वहां से हटा दिया जाता था। थोक सब्जी मंडी के विक्रेताओं ने मांग रखी कुछ दिन काम बंद रखा प्रशासन और नगर पालिका पर दबाव बनाया और इसकी सुनवाई भी की गई नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने इन दुकानदारों की पीड़ा को समझा और उन्हें नई दुकान बनाकर देने निर्णय लिया। कलेक्टर ने भी भूमि आवंटित कर दी। उसके बाद यह दुकानदार नई सब्जी मंडी की जल्दी ही शुरुआत करेंगे।

नगर पालिका द्वारा इन दुकानदारों से सिर्फ लागत मूल्य लिया गया है और उन्हें दुकान सोपी जा रही है यहां यह बताना जरूरी है कि अशोकनगर की सब्जी मंडी में कितनी सब्जी बाहर से आती है। आप अगर सुबह 5 बजे थोक सब्जी मंडी में पहुंच जाए तो आपको पता चलेगा कि कितने वाहनो से सब्जी कितने शहरों से यहां की थोक मंडी में आती है और उस थोक मंडी में शहर के फुटकर सब्जी विक्रेता सब्जी खरीदने पहुंचते हैं। यह भी बताना जरूरी है कि शहर में फुटकर सब्जी की दुकान है कम से कम 1000 से अधिक लगती है और शहर से जिले भर के लोग सब्जी अलग लेकर जाते हैं। यहां दो प्रकार के किसान है एक सब्जी का उत्पादन स्वयं करते हैं और एक किसान वह है जो थोक मंडी से सब्जी लेकर आते हैं और फुटकर में बेचते हैं। सब्जी बेचने वालों की संख्या बढ़ रही है सब्जी का उत्पादन बढ़ रहा है और सब्जी हर रोज बड़े पैमाने पर आगे मंडी में आ रही है ऐसे में नई सब्जी मंडी यहां के नए थोक दुकानदारों के लिए बड़ी राहत और बडी उपलब्धि से काम नहीं होगी



### लोग कचरा गाड़ी में कचरा न डाल नालियों में फेंक रहे, निवासी ही कर रहे हैं गंदा

चंदेरी। नगर वैसे ही सड़कों और गलियों में बह रहे पानी के कारण चर्चाओं में बना रहता है और अब नगर के मुख्य बाजार में सड़क के दोनों तरफ बनी नालियों में रहवासी अपने घरों का कचरा इन नालियों में फेंक देते हैं जिसके चलते नालियां चैक हो जाती हैं और फिर वह पानी सड़कों पर भर जाता है जिस कारण बाहर से और लोकल से सामान खरीदने पहुंचे वाले लोगों को बदबू और गंदगी का सामना पड़ता है। लेकिन सरकार लगातार स्वच्छता और सफाई को लेकर तरह तरह के अभियान चला रही है लेकिन इन लोगों के कान पर जू तक नहीं रेंक रही है और वह लोग अपने घरों का कचरा जो नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे कचरा वाहनों में डालना चाहिए वह लोग वहा न डाल कर चुपचाप शातिर तरीके यहा फेंक जाते हैं जिस कारण यह बरसात के समय परेशानी का सबब बन जाती है और नालियों का पानी गटर की तरह सड़कों पर भरा दिखाई देता है यदि समय रहते नगर पालिका प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों पर कोई चालानी कार्रवाई नहीं की गई तो यह लोग आने वाले दिनों में अपने घरों का कचरा-कचरा वाहन में न फेंक कर सड़कों पर फेंकने लगेंगे और अक्सर फेकते भी देखे जा सकते हैं।

## घरेलू जमीनी विवाद में पति-पत्नी की लाठी डंडों से की जमकर पिटाई

**चाचा सहित तीन लोगों पर हुआ मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चन्देरी



थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सलोना में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना सामने आई है जिस घटना के बाद एक वीडियो सोमवार को भी सामने आया है। जहां यह मारपीट घरेलू जमीनी विवाद की वजह से हुई इस विवाद में परिवार के लोगों द्वारा जमकर लाठी-डंडे बरसा दिए और बचाने गई पत्नी तक को भी नहीं छोड़ा यह मारपीट जमीनी विवाद की वजह से एक व्यक्ति पर इस तरह का प्रहार किया गया है। फिलहाल इस पूरे मामले में चंदेरी पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है आगे और तथ आने पर धाराओं में इजाफा कर दिया जाएगा वैसे यह मारपीट रविवार की सुबह - के समय की बताई जा रही है। लेकिन सोमवार को जैसे ही इसका वीडियो सामने आया है। तो मामला चर्चाओं में आ गया घायल हुए वीर सिंह यादव 43 ने बताया कि उसका उसी के चाचा बृखभान से जमीन का विवाद चल रहा है। सुबह के समय मामूली विवाद हुआए इसी बात पर से बृखभान, राजकुमार और जागेन्द्र लाठी डंडे लेकर आए और बुरी तरह से मारपीट कर दी। घायल ने बताया कि इसी दौरान उसकी पत्नी बचाने आई तो उसकी भी पिटाई कर दी। पुलिस मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

**कार्रवाई की जाएगी**

जो मारपीट करते हुए वीडियो सामने आया है उसको विवेचना में लिया जाएगा और मेडिकल रिपोर्ट आने के पक्ष और भी धाराएं बढ़ाई जाएगी

**थाना प्रभारी** मनीष जादौन चंदेरी

**जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर जिला स्तरीय कार्यक्रम**

# जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में 5 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया था। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए कार्य किए गए थे। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर जिला मुख्यालय के तुलसी सरोवर पार्क में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समापन कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी,नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित जनप्रतिनिधिगणों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जिलेवासियों ने उत्साह के साथ इस अभियान में सहभागिता की। उन्होंने यह अभियान समाप्त नही हुआ,यह बारिश पूर्व तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण महत्वपूर्ण है। आर्थिक रूप से सक्षम लोग वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराये जाए। जिससे भू-जल स्तर बेहतर बना रहे। उन्होंने उपस्थितजनों को वृक्षारोपण करने का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्व है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। वृक्षारोपण के पश्चात देखभाल करना भी जिम्मेदारी है।उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बर्षा के दौरान 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक हजार पौधरोपण किया जायेगा। साथ ही संरक्षण एवं पानी की व्यवस्था भी की जायेगी।

नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हर नागरिक को आगे आना होगा। तुलसी सरोवर तालाब के लिए जनसहयोग से गहरीकरण किया गया। गहरीकरण के दौरान 43 हजार 318 क्यू मीटर मिट्टी का उठाव किया गया है। जिससे अधिक से अधिक पानी संरक्षित हो सकेगा। अमृत 2 योजना के तहत अशोकनगर नगरपालिका को राजघाट से पानी लाने के लिए राशि स्वीकृत हुई है। जल्दी की टेण्डर की प्रकिया की जायेगी। जल सरंक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य करायें।पानी को व्यर्थ न बहायें,नलों में टोटी लगाये। साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। नगरपालिका अशोकनगर द्वारा लगभग 05 पेडे लगाये जायेगा। उन्होंने उपस्थितजनों से वृक्षारोपण करने का आव्हान किया।

सीईओ जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नरेगा योजना के तहत 3611 तथा 374 नवीन कार्य जल संरक्षण के किये गये है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति सजग होकर जल को बचाने का कार्य किया जाए। इस दौरान लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान कार्यक्रम मे विभिन्न रचनात्मक गतिविधिया आयोजित की गई थी उन्हे सम्मानित किया गया।

## उमस भरी गर्मी से आम लोगों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदेरी

नगर में कल सोमवार शाम झमाझम बारिश होने लगी जिससे आम लोगों को गर्मी से राहत की सांस ली। पिछले कई महीनो से लगातार गर्मी बढ़ने के चलते आम लोगों का जीना दुश्वार हो रहा था और लोग घरों में कैद बने हुए थे क्योंकि गर्मी इतनी भीषण थी कि लोगों का सड़कों पर न चलना सन्नाटा सा पसरा दिखाई देता था लेकिन अब मानसून बदल रहा और पिछले 3 दिनों से शाम के समय रोजाना 10 से 15 मिनिट बारिश हो जाती है जिस बारिश से आम लोगो को सुकून मिल जाता है वही किसान भी जल्दी बारिश होने को लेकर भगवान से मन्नतें मांग रहे हैं क्योंकि जब बारिश होगी तभी किसान अपने खेतों में फसल लगा पाएंगे।

**पीड़िता बोली - मुझे व मेरे पति को जान का खतरा, अगर भविष्य में कुछ अनहोनी होती है तो नपाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार**

# महिला स्वास्थ्यकर्मी से घर में घुसकर मारपीट करने पर नपाध्यक्ष पर एफआईआर की दर्ज

**मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया ट्वीट**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सत्ता के मद में चूर हो चुके नगरपालिका राजगढ़ के अध्यक्ष फिलहाल फिर से सुर्खियों में हैं। प्रशासन को अपनी जेब में रखने का दावा करने वाले नपाध्यक्ष पर पूर्व में भी अपने सहयोगियों के साथ सरेआम मारपीट की घटना का आरोप लगा हुआ है। परंतु इस बार मामला महिला स्वास्थ्यकर्मी के घर में घुसकर मारने का है। महिला व उसकी 7 साल की मासूम बेटी इस पूरे मामले को देखकर सहम गई। पीड़िता का कहना है कि नपाध्यक्ष विनोद साहू द्वारा दो बार मुझे मारने आए जिसका मेडिकल भी करवाया गया है। अध्यक्ष विनोद साहू पर एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के घर लाठी डंडे लेकर मारपीट करने के आरोप लगे हैं। घटना के कई वीडियो बनाए गए हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन्ही वीडियो को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी अपने ट्वीटर हेंडिल से ट्वीट करते हुए सीएम को लिखा है कि नेताओं का आतंक। राजगढ़ पुलिस ने भी मामले में संज्ञान लेते हुए नपाध्यक्ष विनोद साहू पर 294, 323, 506 में मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## नपाध्यक्ष को गाली देने से मना किया तो मारपीट पर उतर आए

पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी मीनाक्षी का कहना है कि 16 जून को 2.30 बजे दोपहर में नपाध्यक्ष मेरे शासकीय निवास पर आए और गालियां देना शुरू कर दिया मना करने पर थप्पडों से मारा। इसके बाद दोबारा फावड़ा लेकर मारने के लिए दौड़ा इतने में मेरे पति आ गए और बीच बचाव किया।



Digvijaya Singh
@digvijaya_28

माननीय मुख्य मंत्री जी @CMMadhyaPradesh क्या आप एक शासकीय स्वास्थ कर्मी के साथ @BJP4India के नगर पालिका अध्यक्ष राजगढ़ द्वारा की जा रही गुंडागर्दी को स्वीकृति देंगे? क्या धारा 353 के अन्तर्गत इन पर कार्यवाही नहीं होना चाहिए? आप कहेंगे FIR नहीं हुई। बैतूल की रहने वाली नर्स शासकीय पार्टी के नगर पालिका के अध्यक्ष जी के ख़िलाफ़ FIR करने के लिए थाने पर जा रही थी तभी तो यह घटना हुई। अध्यक्ष जी की नाराज़ी का कारण क्या है आप CM साहब पता लगा लें। मुझे मालूम होते हुए भी नहीं कहूँगा। @RajgarhSp @collectorrajga1 क्या शासकीय कर्मचारी की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी आपकी नहीं है? @INCMP

राजगढ़ में भाजपा नेताओं की सरेआम गुंडागर्दी! महिला स्वास्थ्य कर्मी को ला... youtu.be/zOPfJlpHFG4?si... via @YouTube

Translate post

7:15 · 17 Jun 24 · 4,102 Views

69 Reposts 241 Likes 1 Bookmark

इस संबंध में राजगढ़ टीआई वीर सिंह ठाकुर का कहना है कि जांच के उपरांत नपाध्यक्ष विनोद साहू पर 294, 323, 506 में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

## विवाद की जड़ यहां से हुई शुरू

जानकारी के अनुसार सरकारी रेसिडेंशियल कैंपस में लगने वाले गेट को लेकर स्टॉफ के कर्मचारियों से चंदा इकट्ठा किया गया था। परंतु जब गेट लगने लगा तो पीड़िता ने कह दिया था कि इसे लगवाते समय मुझसे भी राय ले ली जाती तो अच्छा लगता। मैंने भी इसके लिए रूपए दिए हैं। जिस पर कैंपस में ही रहने वाली किरण से कोई विवाद हो गया। वहीं से मामला तूल पकड़ गया।

## घटना संज्ञान में नहीं है

कांग्रेस नेता पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। छोटा-मोटा विवाद हो गया होगा, परंतु महिला से मारपीट जैसी घटना मेरे संज्ञान में नहीं है। हम सभी संस्कारित पार्टी के कार्यकर्ता हैं।

**ज्ञानसिंह गुर्जर,**
राजगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष

## अभद्रता के आरोप लगते रहे हैं

नेताओं पर पूर्व में भी महिलाओं के साथ अभद्रता के आरोप लगते रहे हैं। परंतु जिले के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि कोई नपाध्यक्ष किसी महिला के निवास पर जाकर मारपीट करता है। यह पार्टी की करनी और कथनी को दर्शाता है।

**प्रकाश पुरोहित,**
जिलाध्यक्ष कॉंग्रेस राजगढ़

**कॅरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित**

# कलेक्टर ने बताए प्रतिभा निखारने और कॅरियर को संवारने के टिप्स




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कक्षा बारहवीं के बाद हर विद्यार्थी को शिक्षा की उस दिशा को चुनन पड़ता है जिसमें उसे आगे अपना जीवन बनाना है। लेकिन, कैरियर चुनने की राह आसान नहीं है। कभी-कभी हमारी इच्छाएं अलग होती हैं लेकिन उनमें कैरियर नहीं बन पाता है। ऐसे में हमें अपना भविष्य बनाने किस राह पर चलना चाहिए इस संबंध में कैरियर मार्गदर्षन शिविर अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। इसी उद्धेष्य को लेकर गत दिवस सौंधिया समाज के तत्वावधान में जीरापुर स्थित सामाजिक धर्मधाला में कैरियर मार्गदर्षन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि किस तरह हम अपने कैरियर का चयन करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे पाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। इस दौरान कलेक्टर दीक्षित ने बच्चों से पूछे गए प्रष्नों का संतुष्टीपरक उत्तर प्रदान किए। कार्यक्रम में मतस्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि जिस बच्चे ने लक्ष्य बना लिया वहीं जीवन में ऊंचे मुकाम पर पहुंचता है।

## हमें सभी से लेना चाहिए मार्गदर्शन : पंवार

मंत्री पंवार ने बच्चों से कहा कि विद्यार्थियों को अपने वरिष्ठजनों, अभिभावकों, शिक्षकों से भी मार्गदर्षन लेना चाहिए। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी प्रताप सिंह सिसोदिया, आलोट जपं अध्यक्ष कालूसिंह परिहार, तारासिंह चौहान, सासंद नारायण सिंह आमलाबे, जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, संजय पंवार, प्रेमसिंह पंवार, ईष्वर तोमर, नरवर सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नवनियुक्त कृषि मंत्री चौहान को प्रचंड जीत की दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गत दिवस राजधानी दिल्ली से लौटे हैं। उनके भोपाल लौटने पर राजगढ़ एवं खुजनेर क्षेत्र के भाजपाईयों व खुजनेर नपा के सभी पार्षदों ने चौहान के निवास पहुंचकर उन्हें चुनावों में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी। इसके साथ ही सभी भाजपाई सहकारिता मंत्री विश्वास सारंगपुर के निवास पर भी पहुंचे और उन्हें बधाई देते हुए क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, पूर्व नपाध्यक्ष पंकज शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया बकरीद का पर्व, उर्स का हुआ आयोजन

## ईद की नमाज अदा कर देश में अमन-शांति की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा सोमवार को ईजउलजुहा बकरीद का पर्व उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर में कुर्बानियों के पूर्व सुबह सभी मुस्लिमजन ईदगाह एवं मस्जिदों में एकत्रित हुए। यहां सभी ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के दौरान सभी को शांति, सौहाद्र, अमन और भाईचारे से रहते हुए मुल्क की तरक्की के लिए प्रयास करते रहने की तालीम दी गई।

न केवल राजगढ़ मुख्यालय बल्कि जिले के सभी शहरों, कस्बों, ग्रामों में ईद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। मुख्यालय पर मस्जिद में हुई नमाज उपरान्त नगर पालिका द्वारा मुस्लिमजनों के स्वागत आदि रखा गया। यहां हिंदू, मुस्लिमों ने एक-दूसरे के गले मिलकर पाक त्यौहार की बधाई दी। ईद पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। राजगढ़ मुख्यालय पर 46वें उर्स का आयोजन भी रखा गया। उर्स में लंगर उपरान्त रात्रि में कव्वालियां का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।




# ईद का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया, मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

सोमवार को नगर वा ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा का महा पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया।छोटे-छोटे बच्चे,पुरुष सजधजकर सारंगपुर रोड स्थित ईदगाह पर पहुंचे। ईदगाह पर जामा मस्जिद की इमाम मौलाना मोहम्मद इकबाल खाँ अपनी तकरीर में कहां की मजहबे इस्लाम में कुर्बानी एक इबादत है।

पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और उनके बेटे हजरत इस्माइल अलेह सलाम की याद में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। आगे मौलाना ने कहा कि जो साहिबे हैसियत है। उन पर कुर्बानी वाजिब( जरूरी) है। अभी भी अगर साहिबे हैसियत ने कुर्बानी का जानवर नहीं लिया है ,तो अभी दो दिन बाकी है। उन दो दिनों में भी कुर्बानी कर सकते। ईद की नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद इकबाल खाँ ने सुबह 7.30 पर अदा कराई। दुआ की ए अर्श आजम के मालिक, हम तेरे खताकार बंदे हैं।, ऐ हमारे परवरदिगार हमारे गुनाहों को माफ फरमा, या अल्लाह हमारी इबादतो और कुर्बानियों को कबूल फरमा,या अल्लाह जो बीमार है उन्हें शिफा अता फरमा,या अल्लाह मुल्क में अमनो अमान अता फरमा, मुल्क की तरक्की अता फरमा,या अल्लाह मुल्क में अमन भाईचारा-सद्भाव अता फरमा,या अल्लाह रहमतों बरकतों वाली बारिश अता फरमा दुआ के बाद नगर में कुर्बानियों का दौर शुरू हो गया और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और हिंदू भाइयों ने भी ईद-उल-अजहा के मौके पर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष ने की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**नरसिंहगढ़।** गंगा दशमी के पावन अवसर पर छीपा समाज द्वारा श्री लक्ष्मीकांत मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेरवाल द्वारा नवीन कार्य समिति की घोषणा की गई जिसमें सचिव पद पर धर्मेंद्र नामदेव रईवाल उपाध्यक्ष पद पर नवीन नामदेव मोहित तोनगरिया व सतीश भावसार कोषाध्यक्ष पद पर आकाश बघेरवाल एवं सह सचिव गोविंद नामदेव, प्रचार प्रसार मंत्री के पद पर गोपाल प्रसाद जाजपुरिया एवं विधिक सलाहकार एडवोकेट मुकेश नामदेव को नियुक्त किया गया समाज के सभी वरिष्ठजनों द्वारा नवयुक्त अध्यक्ष एवं कार्य समिति के सदस्यों का स्वागत कर बधाई दी गई नव नियुक्त सचिव द्वारा सभी समाज बंधुओ का आभार प्रदर्शन किया गया व सह भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# 11 केवी लाइन से पोल टकराने से फैला करंट, सोनकच्छ के पास की घटना

**2 विद्युतकर्मियों की मौत, 2 घायल**

**नरसिंहगढ़।** डिविजन के छोटा बैरसिया ग्रिड के सोनकच्छ की घटना है जहां पर बिना परमिट के ही विद्युतकर्मियों से काम करवाने की बात सामने आई। परंतु समय बीतने पर पता की परमिट था। परंतु इस हां और न में किसी के परिवार के दो चिराग बुझ गए और 3 लोग घायल हो गए। जिनका उपचार ब्यावरा के निजी अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मृतकों को मरचूंरी में रखवा दिया गया है।

मृतक अभिषेक पिता इंदर सिंह उम्र 22 साल निवासी गीदोरहाट थाना सुठालिया व संदीप पिता हेमराज प्रजापति उम्र 19 साल निवासी गिनदौर हाट थाना सुठालिया हैं। वहीं घायलों में मुकेश पिता प्रेमचरण वर्मा उम्र 35 साल निवासी सोनकक्ष थाना नरसिंगगढ़ निदान अस्पताल मै भर्ती है। विक्रम पिता मांगीलाल प्रजापति उम्र 22 साल निवासी गिनदौरहाट सिविल अस्पताल मै भर्ती है।




# रोड किनारे लगे ठेलों की वजह से वाहनों को निकलने में आ रही परेशानी

**छापीहेड़ा।** बस स्टैंड के मैन रोड पर प्राचीन चोपड़ा के आसपास लगे हाथ ठेलो की वजह से थोड़ी-थोड़ी देर में जाम लग जाता है। रोड पर निकलने वाले वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि जहां-जहां जाम की स्थिति लगती है वहां यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान हो सके। परंतु नगर छापीहेड़ा में रोड किनारे लगे हाथ ठेलो की वजह से वाहनों को निकालने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है रोड किनारे की पटरी पर बड़े-बड़े तंबू तानकर मेंन रोड को ही सकड़ा कर दिया समस्या विकट परंतु निराकरण के लिए ना तो नपा आगे आती है नाही यहां का स्थानीय पुलिस प्रशासन फिर यातायात कैसे दुरुस्त हो पाएगी छापीहेड़ा नगर के मेंन रोड की यातायात व्यवस्था दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है अगर समय रहते ध्यान ना दिया तो बड़े हाथसे एक्सीडेंट जैसी संभावनाए भी बनी रहती हे मेंन रोड से नजदीक टिकाकर हाथ ठेले लगाना इन पर कोई रोक-टोक ना होना इससे सीधा-सीधा नपा के साथ-साथ पुलिस व्यवस्था पर भी सवालिया निशान उठना है।




# श्री तारणहार सरकार मंदिर पर मनाया स्थापना वार्षिक महोत्सव

**सारंगपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री तारणहार सरकार मंदिर न्यायालय परिसर में स्थापना वार्षिक महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार प्रातः 7 बजे से सभी देवी देवताओं का आव्हान,पूजन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया। दूसरे दिन रविवार प्रातः08 बजे सभी देवी देवताओं का पूजन, श्री तारणहार सरकार का विशेष पूजन एवं नयनाभिराम आकर्षक श्रृंगार कर हवन कर आरती की गई। मध्यान्ह में कन्या भोज का आयोजन किया गया तथा सायंकाल 07.30 बजे विशेष महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। समस्त पूजन अर्चन मंदिर के मुख्य पुजारी पं बालकृष्ण शर्मा साथी पं पवन पारीक के द्वारा विधि पूर्वक संपन्न करवाई गई।



**सोशल मीडिया बना माध्यम**

# भोपाल से राजगढ़ आकर डोनेट किया दुर्लभ ग्रुप का ब्लड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में एडमिट पार्वती पत्नी गोपाल को दुर्लभ ग्रुप कहे जाने वाले एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। समाजसेवियों के काफी प्रयासों के बाद भी इस ग्रुप के रक्त की राजगढ़ एवं आसपास क्षेत्र से कोई व्यवस्था नहीं हो पाई। सोशल मीडिया के माध्यम से रक्त आवश्यकता का मैसेज लक्ष्मीनारायण तंवर को मालूम हुआ। तंवर ने भोपाल निवासरत अपने मित्र घनश्याम राजपूत चिंकू से इस बारे में संपर्क किया और एबी नेगेटिव ग्रुप की नितांत आवश्यता बताई। धनश्याम भोपाल से रवाना होकर राजगढ़ जिला अस्पताल पहुंचे यहां उन्होंने पेशेंट पार्वतीबाई के ब्लड डोनेट किया।

**हमें जल स्रोतों का संरक्षण करना होगा और उनकी साफ सफाई रखनी होगी**

# जल गंगा अभियान का समापन, सीएम के संदेश को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जल संरक्षण के लिए कुआ बावड़ी जल स्रोतों नदी नालों की सफाई का जो अभियान चलाया गया था उसे अभियान का जनपद स्तरीय समापन पौधारोपण के साथ बिजासन धाम वैष्णो माता जी में किया गया।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कौशल विकास एवं रोजगार गौतम पेटवाल ने कहा कि आज जिस युग में हम जी रहे हैं इसमें हमें ऑक्सीजन की बेहद आवश्यकता होती है जरूरी है। जल और जंगल इसलिए हमें जल स्रोतों का संरक्षण करना होगा और उनके साफ सफाई रखना होगी ताकि उनमें वर्षा का जल का संचय हो हो सके क्योंकि वर्षा के जल संचय से ही हमारी फसलों को पानी मिलेगा सब का दाइत्व है की सब एक एक पेड़ लगाए और उनको बड़ा करने का संकल्प ले ताकि आने वाले कल में हमें वही पेड़ आक्सीजन प्रदान कर सके वही मंत्री टेटवाल ने ग्राम विकास कार्यो में सरकार की और से हर सम्भव मदद कराने की बात मंच के माध्यम से कही।

वही सांसद रोडमल नागर ने कहा की हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर हर वर्षा एक पौधा लागए क्योंकि पेड़ आज की जरूरत है हमारे पूर्वजों के द्वारा संरक्षित कुआ बावड़ी नदी नालों की साफ सफाई और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी अब हमारी बनती है इसलिए सबसे आग्रह है अपनी जड़ो से जुड़े क्योंकि जीने के लिए जिस चीज की ज्यादा जरूरत होती है वह है आक्सीजन और आक्सीजन केवल पेड़ पौधे ही दे सकते है आज हम जौ कचरा फैला रहे है और इससे मिलने वाली जहरीली गैस को भी पौधे ही आत्मसात करते है और बदले में हमें जीने के लिए शुद्ध वायु देते है। इस अवसर पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने भी उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए जलसंरक्षण के लिए जनसहयोग से चलाये गएतालाब गहरीकरण कार्य के लिए ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण जलस्त्रोत की देखभाल पौधरोपण का संकल्प जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर ने दिलाया। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश बैस वा घनश्याम नागर द्वारा भी जल गंगा अभियान के संदर्भ में अपनी बात रखी इस अवसर पर महिप तेजस्वी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़, प्रमोद कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर, मनोज शर्मा तहसीलदार सारंगपुर, सहित जनपद के सभी उपयंत्री मौजूद रहे राज्यमंत्री गौतम टेटवाल,सांसद रोडमल नागर एवं कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर सहित अतिथियों वा सरपंच कुलदीप नागर ने पौधरोपण किया।

